Regarding issue related with human-animal conflict and installation of cages by the forest department in Amangarh Tiger Reserve and providing rescue vehicle

श्री चंदन चौहान **(**बिजनौर) **:** माननीय अधिष्ठाता महोदया, आपने लोक हित के एक महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से पूरे देश में एवं मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर के अन्दर जो अति ज्वलनशील समस्या है, उसकी तरफ मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ ।

महोदया, मानव और वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं । उसी संज्ञान में जहाँ आज पर्यावरण की चुनौतियाँ सामने हैं, वहीं वन्य जीवों ने भी अपने आप को एडैप्ट करने का काम किया है । इस समय, खासकर इस मौसम में जहाँ फॉरेस्ट रिज़र्व हैं, विशेषकर अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या बढ़ी है । जो पुरानी मुहिम थी, उसके लिए भी आभार है, लेकिन इसके कारण वहाँ पर जो लेपर्ड्स हैं, वे अपनी टेरिटरी से बाहर आकर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में लगातार हमले कर रहे हैं । इसी क्रम में, पश्चिमी उत्तर प्रदेश या केरल या महाराष्ट्र में, इस एनिमल को वाइल्ड कैट फैमिली का कहा जाता है, इसके सबसे स्मार्ट सदस्य ने अपने आप को एडैप्ट कर लिया है । मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत चाँदपुर विधान सभा क्षेत्र में दो दिन पूर्व पिलाना गांव में एक 15 वर्षीय बच्ची की दुखद मौत हो गई । पिछले वर्ष तेंदुए के अटैक के कारण लगभग 17-18 लोगों की मौत हुई है ।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि हमारे क्षेत्र में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के द्वारा केजेज़ लगाने की आवश्यकता है और रेस्क्यू वाहन से की व्यवस्था हो ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य आपका विषय आ चुका है ।

श्री मोहम्मद हनीफ़ा जी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करती हूँ कि सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा ।

? (व्यवधान)